गुणात्मक शोध, विशेषतायें एवं प्रकृति

डा0 जितेन्द्र सिंह गोयल
असिस्टेंट प्रोफेसर
शिक्षाशास्त्र विभाग
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ (उ0प्र0)

स्व-घोषणा

यह सामग्री विशेष रूप से शिक्षण और सीखने को बढ़ावा देने के शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए है। इसका आर्थिक/वाणिज्यिक अथवा किसी अन्य उद्देश्य के लिए उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। सामग्री के उपयोगार्थ इसे किसी और के साथ वितरित, प्रसारित या साझा नहीं करेंगे और इसका उपयोग व्यक्तिगत ज्ञान की उन्नति के लिए करेंगे। इस ई-कंटेंट में जो जानकारी दी गयी है वह प्रमाणित और मेरे ज्ञान के अनुसार सर्वोत्तम है।

(डा० जितेन्द्र सिंह गोयल)

असिस्टेंट प्रोफेसर

शिक्षाशास्त्र विभाग

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ (उ0प्र0)

गुणात्मक शोध (Qualitative Research) :-

किसी व्यक्ति, समूह और संस्कृति की सामाजिक वास्तविकता को समझने के लिए एवं किसी घटना (Phenomena) एवं चरों को जानने के लिए किये जाने शोध को गुणात्मक शोध कहते है और जहाँ चरों को मापा नहीं जा सकता तब गुणात्मक शोध किया जाता है जैसे– एक माँ अपने बच्चे को कितना प्यार करती है? इसको मापा नहीं जा सकता।

उदाहरण –

राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान की प्रभाविकता का अध्ययन

महिला सशक्तिकरण में महिला शिक्षा का योगदान

बैगा जनजाति के उत्थान में सरकारी प्रयासों का योगदान ।

गुणात्मक शोध की विशेषतायें एवं प्रकति :—

- गुणात्मक शोध में मात्रात्मक प्राप्तांको, मापन तथा सांख्यिकीय विश्लेषण के स्थान पर निहित कारणों, व्याख्याओं और निहित अर्थों पर बल देता है।
- शोधकर्ता व्यक्तियों की प्रतिदिन की प्राकृतिक अवस्था (Natural Setting) पर केंद्रित रहता है ।
- आंकड़ों की प्रमुखता होती है (Rich and in depth data) सैद्धांतिक ढांचा आंकड़ों से ही पूर्ण रूप लेता है ।
- गुणात्मक शोध संदर्भ –घेरित (Context -bound) होता है।
- गुणात्मक शोध विस्तार (thick description) में वर्णित होते हैं।
- शोधकर्ता और प्रयोज्य में घनिष्ठ संबंध होता है।
- आंकड़ों का संग्रह और विश्लेषण सामान्यता अंतः क्रिया के दौरान ही होता है।

- गुणात्मक शोध में प्रयोज्य का भीतरी विचार (Emic Perspective) का विशेष महत्व होता है ।
- गुणात्मक शोध गतिशील और लचीला होता है ।
- सिद्धांतों का निर्माण भी संभव है (निहित सिद्धांत विधि से)
- गुणात्मक शोध में शोधकर्ता का बाहरी विचार/दृष्टिकोण (Etic Perspective) का विशेष महत्व होता है ।
- आगमनात्मक दृष्टिकोण ।
- गुणात्मक शोध में कीपीय विचारधारा (funnel approach) होती है
- गुणात्मक शोध में त्रिभुजन द्वारा सत्यनिष्ठा (trustworthiness by triangulation) निर्धारित की जाती है ।
- शोधकर्ता का मुख्य संबंध शोध की प्रक्रिया से होता है ।
- गुणात्मक शोध विशेषतया मूल्य, विचार, व्यवहार और किसी विशेष जनसँख्या के सामाजिक सन्दर्भ में प्रभावी है

गुणात्मक शोध में प्रयुक्त उपकरण

साक्षात्कार
परीक्षण
पत्राचार
डायरी
श्रव्य रिकार्डिंग
दृश्य रिकार्डिंग
प्रतिपुष्टि आवेदन
चित्र

→

इनसे पता चलता है लोगों के

→

व्यवहार
अभिवृत्ति
मूल्य प्रतिमान
प्रेरणा
आकांक्षाएं
संस्कृति
जीवन शैली

èkU;okn